तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

भाजपा का घर चलो-गांव चलो अभियान जारी 10



राज्य स्तरीय सब-जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता... 10





**खबर संक्षेप**

### मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** सलडीह मेला देखने गए एक युवक की बाइक चोरी के मामले में सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को जगदीश सराफ पिता राजकुमार सराफ (35 पड़कीपाली ने बताया कि 10 अप्रैल को वह ग्राम सलडीह मेला देखने अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जी 6204 से गया था और बाइक को मेला स्थल में खड़ा किया था। रात करीब 11 बजे वापस आकर देखा तो वहां बाइक नहीं थी।

# आरटीई के तहत प्रवेश के लिए मची होड़, सीट से तीगुने आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के निजी स्कूलों में आरटीई में प्रवेश के लिए इस बार भी काफी होड़ है। 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन करने वालों की संख्या दोगुनी से भी पार हो चुकी है। इसके चलते सैंकड़ों पात्र छात्रों को उन्ही निजी स्कूलों में पेमेंट सीट पर पढ़ाई करनी होगी। सैकड़ों पात्र बच्चों को पहले चरण में प्रवेश मिलना मुश्किल नजर आ रहा है।

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में प्रथम चरण के तहत निजी स्कूलों में कुल 349 सीटें उपलब्ध हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए विभाग को कुल 821 आवेदन प्राप्त हुए। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की गहन जांच (स्क्रूटनी) के बाद इनमें से केवल 510 आवेदकों को ही लॉटरी प्रक्रिया के लिए पात्र माना गया है। सीटों और आवेदकों के गणित को देखें तो स्पष्ट है कि 510 पात्र छात्र 349 सीटों के लिए दावेदारी करेंगे। इस स्थिति में, लगभग 161 पात्र छात्रों को पहले चरण में सीट आवंटित नहीं हो पाएगी।




### बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त होने के कारण

दस्तावेजों की जांच के दौरान विभाग ने नियमों का कड़ाई से पालन किया, जिसके कारण 272 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा, 33 आवेदन अधूरे पाए गए और 6 आवेदन एक ही छात्र द्वारा दो बार भरे जाने (डुप्लीकेट) के कारण निरस्त हुए। आवेदन निरस्त होने के मुख्य कारण हैं कि पते में कई आवेदनों में निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड में दर्ज पते अलग-अलग पाए गए। नियम के अनुसार, आवेदक को उसी क्षेत्र का निवासी होना चाहिए जहां का स्कूल चुना गया है। बीपीएल श्रेणी के लिए जमा किए गए आय प्रमाण पत्र या राशन कार्ड अपडेटेड नहीं थे। कई बच्चों की उम्र निर्धारित मापदंड से कम या अधिक पाई गई। स्कूल से घर की दूरी 3 किलोमीटर से अधिक होने या गलत जानकारी भरने के कारण भी आवेदन रिजेक्ट हुए।

### अगली प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियां

अब सारा दारोमदार ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया पर है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने बताया कि आरटीई की यह प्रक्रिया पूरी तरह सॉफ्टवेयर पर आधारित है, जिससे इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना नहीं है। लॉटरी और सीट आवंटन 17 अप्रैल तक होगा। चयनित बच्चों के अभिभावकों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के जरिए जानकारी दी जाएगी। चयनित छात्र मई माह से 30 मई तक संबंधित स्कूलों में प्रवेश ले सकेंगे।

**प्रशासन सख्त : मानकों का खुला उल्लंघन, शिकायत के चलते कलेक्टर लंगेह ने दिए निर्देश**

# जिले में प्राइवेट संस्थान बिना अनुमति के आयोजित नहीं कर पाएंगे रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

निजी संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे ब्लड डोनेशन कैंप और इन शिविरों में मानकों के खुले उल्लंघन की शिकायतों के चलते निजी संस्थानों द्वारा आयोजित होने वाले शिविर बिना प्रशासनिक अनुमति के आयोजित नही हो पाएंगे। इस संबंध में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि बिना प्रशासनिक अनुमति के किसी भी स्थिति में निजी संस्थानों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित नहीं किए जाएंगे। कलेक्टर लंगेह ने इस संबंध में सख्ती से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य और राहत सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है।



### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, संस्थापक सदस्य महेंद्र कुमार श्रीमाली एवं मनोज पींचा सहित डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, दाऊलाल चंद्राकर, यशवंत कुमार चौधरी, अशोक गिरी गोस्वामी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर बल दिया।

### बैठक में हुए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी

बैठक में समिति सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव सभी सदस्यों को बैठक के एजेंडा की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पूर्व बैठक 14 जनवरी में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई तथा सदस्यता अभियान को मजबूत बनाने, वार्षिक बजट, आय-व्यय और ऑडिट से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों की समीक्षा के साथ वित्त समिति, जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति, यूथ रेडक्रॉस उपसमिति, स्वास्थ्य समिति एवं आपदा प्रबंधन समिति के गठन पर भी विचार किया गया। रेडक्रॉस द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा रेडक्रॉस भवन के मरम्मत कार्य, रेडक्रॉस चौक की स्थापना, उपसभापति की नियुक्ति और वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के अनुमोदन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

### इस घटना के बाद लिया गया फैसला

उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी को ग्राम भगतदेवरी में बिना अनुमति संचालित हो रहे ब्लड डोनेशन कैंप की शिकायत मिली थी। विभागीय दल ने इस शिविर का औचक निरीक्षण किया और भगतदेवरी में लाडो किराना के पास संदीप अग्रवाल के बाड़े का स्थल उक्त शिविर के लिए उपयुक्त नही था। शिविर मे शासन के दिशानिर्देशानुसार चिकित्सक एवं अन्य स्टॉफ नही मिले और बिना अनुमति के अवैधानिक रुप से आयोजित किया जा रहा था। **Drug & Cosmetic Act** 1940 & **Rules** 1945, **NACO & NBTC** मे विधित प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने तथा शासन के बिना अनुमति के ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होने के कारण उक्त शिविर को तत्काल बंद कराए जाने के साथ ही शिविर से 07 यूनिट ब्लड को भी जब्त किया गया, जो कि उचित तापमान मे स्टोर नही था।

# हेल्पर सीट के पीछे छिपा रखा था गांजा, तस्करी करते चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद


- **टेमरीनाका पर कोमाखान पुलिस ने ट्रक से पकड़ा 21 किलो गांजा**

ट्रक के हेल्पर सीट के पीछे बोरी में छिपाकर गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी ट्रक चालक और हेल्पर को गिरफ्तार कर लिया है। कोमाखान पलिस ने टेमरीनाका के पास आरोपियों से 21.200 किलो गांजा बरामद किया है। इसे गांजा तस्कर ओड़ीशा से लेकर छग में खपाने ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ कोमाखान पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट 20(बी) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोमाखान पुलिस को सूचना मिली कि एक आईचर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन आर 6568 में दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर टेमरीनाका पर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार ट्रक ओडिशा की ओर से आता दिखाई दिया जिसे रोका गया।

ट्रक में दो व्यक्ति सवार थे जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम पता भेला थाना कोमना जिला नुवापाड़ा ओड़शिा निवासी लिंगराज दास पिता बबलू दास (30) व सुमन्त कुमार दुरिया पिता जुगेश्वर दुरिया (38) बताया । पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो हेल्पर सीट के पीछे से एक बोरी में से कुल 21.200 किलोग्राम कीमती 10 लाख 60 हजार रुपए का गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से गांजा सहित 1 हजार रुपए नकद, दो नग मोबाइल व गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। आरोपी ओडिशा से गांज लेकर छग के जिलो में खपाने के लिए ले जा रहे थे।

### देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहे यात्री प्रतीक्षालय, बसों का इंतजार बरकरार



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मचेवा, बरोंडाबाजार और चिंगरौद मार्ग में लाखों की लागत से बने यात्री प्रतीक्षालय अपनी उपयोगिता के लिए यात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, सड़क से काफी दूर और पहुंच मार्ग नहीं होने के साथ आसपास की भारी गंदगी के चलते यह प्रतिक्षालय केवल असमाजिक तत्वों का अड्डा बन चुके हैं। धूम्रपान और शराबखोरी के लिए इस्तेमाल हो रहे इन प्रतिक्षालयों में इन असमाजिक तत्वों की हरकतों से आसपास के लोग और मेडिकल कॉलेज सहित पढ़ने वाले छात्रों को भी काफी समस्या पेश आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के बाद से आज तक इन स्थानों पर बसों का ठहराव नहीं हो पाया है। देखरेख की कमी और उपयोग न होने के कारण इन भवनों की हालत बद से बदतर हो चुकी है।

## बेमचा में सूने घर से सोने-चांदी के जेवर और नगदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम बेमचा के वार्ड 18 इंदिरा कॉलोनी के एक सूने घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बेमचा निवासी श्यामसुन्दर जांगडे पिता प्रीतराम जांगडे 12 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे सपरिवार ग्राम पारागांव थाना आरंग जिला रायपुर शादी कार्यक्रम मे शामिल होने घर के मुख्य दरवाजा एवं सामने के गेट में ताला बंद कर गया था। दूसरे दिन 13 अप्रैल को सूचना मिली कि घर के मुख्य दरवाजा खुला हुआ है एवं मेन गेट का ताला लगा हुआ है। इसके बाद वह तत्काल अपने घर पहुंचा, जहा देखा कि मेन गेट का ताला लगा हुआ है एवं मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर अंदर लोहे की आलमारी के ताला टूटा हुआ था उसमें रखे ज्वेलरी बैग से लगभग 50,000 रुपए नगदी रकम एवं एक नग चांदी का कटोरी कीमत करीब 2,000 रू, एक नग चांदी का चम्मच कीमत करीब 1000 रूपये, दो नग चांदी का चूडा कीमत करीब 1500-रू, दो नग चांदी पायल कीमत करीब 5000 रू, दो नग सोने का लॉकेट कीमत करीब 20,000 रूपये कुल कीमत 79,500 की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 305(ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 88 लीटर महुआ शराब जब्त, 7 आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस की गिरफ्त में अवैध महुआ शराब का कारोबार करने वाले आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महुआ से अवैध शराब निर्माण की बिक्री और परिवहन की जानकारी मिलने पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कुल 88 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त हुई। जिसकी अनुमानित कीमत 19,100 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस दौरान 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कलमीदादर और धनापाली में पुलिस ने 54 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 10,800 रुपये बताई गई है। इस मामले में कुमार सिंह सिदार (48 वर्ष) और रामप्रसाद चौहान (27) को गिरफ्तार किया गया।





पिथौरा थाना क्षेत्र के पिलवापाली गांव में छापेमारी के दौरान पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब बरामद की। इस कार्रवाई में लक्ष्मण बरिहा (56) और रामसिंग बरिहा (36) को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कीमत करीब 4,000 रुपये है। इसी प्रकार तुमगांव थाना क्षेत्र के बिरबिरा जंगल में एक अवैध शराब भट्टी पर दबिश दी गई। यहां से तोसन यादव (50) और मंगल यादव (33) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 10 लीटर कच्ची शराब (कीमत 2,000 रुपये) के साथ शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किए गए। खल्लारी थाना क्षेत्र के बीकेबाहरा में पुलिस ने राकेश कुमार नागवंशी (45) को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 लीटर महुआ शराब बरामद की। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**खरीफ फसल की तैयारी, किसानों से समय पर उठाव की अपील**

# समितियों में 31,981 टन उर्वरक खाद की उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीफ वर्ष 2026 के मद्देनजर जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि वर्तमान स्थिति में जिले में कुल 31, 981 टन उर्वरक सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केंद्रों में उपलब्ध है। सहकारी समितियों में कुल 21, 735 टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें 11, 196 टन यूरिया, 4, 156 टन एसएसपी, 2, 202 टन पोटाश, 2, 364 टन डीएपी एवं 1, 817 टन एनपीके शामिल हैं। इसी प्रकार निजी विक्रय केंद्रों में 10, 246 टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें 4, 527 टन यूरिया, 2, 164 टन एसएसपी, 327 टन पोटाश, 2, 126 टन डीएपी एवं 1, 102 टन एनपीके का भंडारण किया गया है।



कृषि विभाग के अफसरों ने किसानों से कहा है कि वे समय रहते अपनी सहकारी समितियों में जाकर अपने रकबे के अनुसार उर्वरक हेतु परमिट जारी करवा लें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे उर्वरक का विक्रय केवल पीओएस मशीन के माध्यम से ही किसानों के रकबे के अनुसार करें। बिना पीओएस मशीन के उर्वरक विक्रय किए जाने पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### खेत में मारपीट, आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम बिरकोनी के झिलमिली खार में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को बिरकोनी के घनश्याम साहू ने बताया कि 09 अप्रैल को सुबह 7 बजे वह छोटे भाई पवन साहू के साथ अपने झिलमिली खार खेत में दवाई डालने के लिए गया, तब देखा कि खेत में लगे 05 एचपी के दो ट्यूबवेल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में पाइप को काटकर बोर को नीचे गिरा दिया था। जिसे उसने पत्थर से ढंक दिया था और मामले की रिपोर्ट थाने में कराई थी। वहीं दूसरे दिन 10 अप्रैल की सुबह 6 बजे जब वह अपने छोटे भाई पवन साहू के साथ झिलमिली खार खेत में दवाई डालने के लिए गया तब देखा कि उसके खेत के ट्यूबवेल के पास गांव का शंभू साहू खड़ा था और ट्यूबवेल में फेंसिंग पोल को डाल रहा था, जब उसने आवाज दी तब वह भागने लगा। जब शंभू साहू को दौड़ाकर पकड़ा तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 324(4), 326(ए), 329(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बीएसएनएल ऑफिस में जुआ खेल रहे चार लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **बसना पुलिस ने जुआरियों के पास जब्त किए 86 हजार**

बसना पुलिस ने बीएसएनएल ऑफिस में जुआ खेल रहे चार लोगों पर कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम, मोबाइल व मोटर साइकिलों को जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति बीएनएसएल ऑफिस बसना में जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान जुआ खेल रहे चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुशील अग्रवाल पिता नरसिंग अग्रवाल (45 साल) जगदीशपुर रोड बसना, संगीत कुमार राज पिता आदित्य कुमार राज (43 साल) नरसिंगपुर बसना, हिदायतुल्ला खान उर्फ गुल्लू खान पिता किफायतुल्ल खान (29 साल) वार्ड नं 15 बसना, मोहम्मरद मुजाबिल पिता अब्दुल रजा (45 साल) वार्ड नं 15 बसना थाना बसना जिला महासमुंद का निवासी होना बताया।

पुलिस इस दौरान सुशील अग्रवाल के पास से 500 रू. फड़ से 6000 रुपए, एक नग ओप्पो मोबाइल कीमत 10000 एक पुरानी ईस्तमाली मो.सा. सीजी 06 एचए 8164 कीमत 10,000 कुल 26500, संगीत कुमार राज के पास से 400 रू. फड़ से 6010 रुपए, एक नग विवो मो. कीमत 10000 कुल कीमत 16410 रुपए, हिदायतुल्ला खान उर्फ गुल्लू खान के पास 500 रू. फड़ से 7000 रुपए, एक नग विवो मो. कीमत 10000 कुल कीमत 17500, मोहम्मद मुजाबिल के पास 600 रू. फड़ से 5000 एक नग रियलमी मो. कीमत 10000 रुपए पुरानी ईस्तमाली मो.सा. क्रमांक सीजी 06 जीवाय 0959 कीमत 10000 कुल कीमत 25600, कुल कीमत 86010 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 5 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### खालसा सीरजना दिवस पर झलप गुरुद्वारे में हुए विविध कार्यक्रम

**झलप।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा झलप के वैशाखी पर खालसा सीरजना दिवस पर सुबह 4:30 बजे गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के साथ शुरू हुआ। नितनेम के पाठ, सुखमणि साहिब के पाठ, संपूर्ण आशा दीवार, गुरुबाणी के शबद किरतन, निशान साहिब के चोले बदलने के साथ सुबह के दीवान की समाप्ति हुई। रात के दीवान में बच्चों द्वारा कथा और गुरबाणी विचारों द्वारा खालसा सीरजना दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया गया। महिला समूह ने रागमयी गुरबाणी किरतन किया गया। समाप्ति उपरांत भव्य आतिशबाजी भी की गई। दीवान की समाप्ति के बाद सुबह और रात के दीवान में गुरु के लंगर की सेवा की गई।

### सोहम हास्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 12 अप्रैल रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर एवं डॉ सीपी पटेल, 20 निः शुल्क सोनोग्राफी किया गया है। 50 से अधिक मरीजों को मार्गदर्शन दिए। टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें अन्य रोगों के मरीज जैसे जोड़ो के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन, गैस, चमड़ी के रोग साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। उल्लेखनीय है कि सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में समय समय पर इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



### रामकथा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम गाड़घाट में तीन दिवसीय राम कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके तुषार ने कहा कि रामायण में भरत और शत्रुघ्न त्याग, समर्पण और भाई के प्रति निस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं। भरत ने राम के प्रतिनिधि के रूप में नंदीग्राम में तपस्वी जीवन जीकर 14 वर्ष शासन संभाला, जबकि शत्रुघ्न ने भरत की सेवा और अयोध्या की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित किया। भरत और शत्रुघ्न का चरित्र भाई के लिए सर्वोच्च बलिदान का पाठ पढ़ाता है, जहाँ उन्होंने भोग के स्थान पर त्याग को चुना।

# कांग्रेस भवन में गूंजी शहादत की गाथा, जलियांवाला बाग के शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जलियांवाला बाग हत्याकांड की 107वीं बरसी पर सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जलियांवाला बाग में देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा, जलियांवाला बाग की मिट्टी आज भी उन वीरों की शहादत की गवाह है, जिन्होंने अंग्रेजों के दमनकारी शासन के खिलाफ आवाज उठाई। उनके बलिदान ने देश में आजादी की मशाल को और तेज किया था। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास का यह काला अध्याय हमें हमारे पूर्वजों के त्याग और कठिन संघर्ष की याद दिलाता है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला ने शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि 13 अप्रैल 1919 का वह दिन भारतीय इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है, आज का दिन न केवल इतिहास की उस हृदयविदारक घटना को याद दिलाता है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को आजादी के मूल्य और हमारे पूर्वजों के त्याग से भी अवगत कराता है।



मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल ने भी वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि 13 अप्रैल 1919 का वह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। जलियांवाला बाग हत्याकांड भारतीय इतिहास की एक ऐसी हृदयविदारक घटना थी, जिसने पूरे देश में ब्रिटिश शासन के खिलाफ आक्रोश भर दिया था। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रृद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात देश की मशहूर गायिका आशा भोसले को भी 2 मिनट मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, शहर उपाध्यक्ष एवं पार्षद मुस्ताक खान विक्की, तुलसी साहू, शहर कांग्रेस कोषाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह धनवा, सोमेश दवे, भरत ठाकुर, देवेश शर्मा, कपिल साहू, नितेंद्र बैनर्जी, अमन चंद्राकर, राजेश नेताम, प्रदीप चंद्राकर, राजू साहू, सुनील चन्द्राकर, अनीश राजवानी, मानिक राम साहू, मनोहर ठाकुर, गोपी तारक, राहुल लालवानी, गोपी पाटकर, सतीश कन्नौजे, जयश्री दास, अरिन चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, मोती साहू, लीलू साहू, जावेद जाफरी, जीवन यादव, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत चन्द्राकर, भानु सोनी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार की लापरवाही से जिले में 47238 हितग्राही खाद्यान्न पाने से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- समस्या का निदान निकाला गया तो हितग्राहियों के साथ जिला कार्यालय का किया जाएगा घेराव

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान समय में पहले तो छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा राशन दुकानों को खाद्यान्न 20 मार्च तक उपलब्ध करवाया। जिससे 21 मार्च को सॉफ्टवेयर ने निरंक अपडेट कर दिया और सॉफ्टवेयर को वितरण के लिए लॉक कर दिया। जिसके कारण महासमुंद ज़िले की सम्पूर्ण 593 उचित मूल्य दुकानों में समयावधि में खाद्यान का सम्पूर्ण वितरण नही हो पाया और लगभग 15 प्रतिशत हितग्राहियों अर्थात लगभग 47238 हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलना शेष है। इसका बड़ा नुकसान ये होगा कि उतने हितग्राहियों को माह अप्रैल का खाद्यान्न नही आएगा, याने एक माह के खाद्यान्न का नुकसान होगा।



अंकित ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, तब से लगातार कोई ना कोई समस्या से समाज का हर तबक़ा प्रभावित हो रहा है। अंकित ने शासन से मांग की कि तत्काल इसका निदान निकाला जाए, अन्यथा हितग्राहियों के साथ जिला कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# व्याख्याता देउकराम ध्रुव को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

शासकीय हाईस्कूल अरंड में पदस्थ हिंदी व्याख्याता देउकराम ध्रुव का अधिवार्षिकी 30 मार्च 2026 को पूर्ण होने पर 13 अप्रैल 2026 को विदाई सह सम्मान समारोह का संकुल स्तरीय आयोजन अरंड के हाईस्कूल प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता देउक राम ध्रुव अपनी धर्म पत्नी दुलारी बाई ध्रुव के साथ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अरंड के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, संकुल प्राचार्य एनपी तिवारी, सुशीला मांझी सरपंच खुटेरी, शशि दीवान सरपंच नयापारा, देवराज ठाकुर पूर्व सरपंच, शिवचरण ध्रुव ग्राम प्रमुख, गंगाराम निर्मलकर, आसाराम पटेल उपसरपंच मोहदा, मंशाराम बरिहा सदस्य, देवी सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक, अमर सिंह पटेल व्याख्याता आहरण संवितरण केंद्र कन्या शाला पिथौरा, कौतुक पटेल पूर्व समन्वयक की उपस्थिति रही।





दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला अरंड के छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता सोनसाय पटेल द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता देउकराम ध्रुव के जीवनी एवं सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय में उनके योगदान की सराहना की गई। संकुल प्राचार्य तिवारी ने 40 वर्षों से अधिक सुदीर्घ सेवा काल को सफलतापूर्वक निर्वहन करने पर हर्ष जताया। शिवचरण ध्रुव ने सेवानिवृत्त व्याख्याता के सरल, सहज जीवन और गुरु की महिमा का बखान रामायण की चौपाइयों के माध्यम से किया। संकुल के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागिरकों द्वारा सम्मानपूर्वक शाल, श्रीफल, रजत प्रतिमा, वस्त्र, धार्मिक ग्रंथ, छत्ता आदि भेंट किया गया। इस अवसर पर देउकराम ध्रुव के साथ उनके सुपुत्र खिलावन ध्रुव, भाई महेश कुमार ध्रुव, दरसराम ध्रुव सहित उनका पूरा परिवार अपनी उपस्थिति से उत्साहवर्धन करते रहे। स्वागत व भेंट से अभिभूत ध्रुव ने सम्मान कार्यक्रम के लिए सभी का आभार जताया। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य शंभू शंकर मिश्रा ने भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जयराम पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक डोलामणी साहू ने किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रोहिणी कुमार देवांगन, हाईस्कूल अरंड के व्याख्याता प्रदीप कर, शिक्षकगण लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल, नाथूराम साहू, क्षमा निषाद, गेंदराम विश्वकर्मा, संकुल के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण पालेश्वर पटेल, सियाराम साहू, नकुल राम साहू, गंगा पैकरा, रेहाना बानो, विश्वनाथ मांझी, डीगमलाल साहू, अभिनंदन नाग, नरसिंह पटेल, कुमुदिनी बरिहा, प्रभाकिरण, अर्चना पटेल, फूल कुँवर पटेल, शैलेंद्र सिन्हा, नारायण बारीक, गौरी पटेल आदि मौजूद रहे।

# अछोला में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन, हुए विविध संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका समापन विधिवत पूर्णाहुति के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 9 कुण्डीय यज्ञ का शुभारंभ किया गया, जिसमें लगभग 500 श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। चार दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के दौरान विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए, जिनमें 10 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, 13 बच्चों का मुंडन संस्कार, 2 यज्ञोपवीत संस्कार, 4 पुंसवन संस्कार एवं 22 मंत्र दीक्षा संस्कार प्रमुख रहे।

तृतीय दिवस सायं 4 बजे प्रज्ञा पुराण कथा के अंतर्गत परिवार खंड विषय पर विचार व्यक्त करते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि परमेश्वर साहू ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत अनमोल है और इसे सार्थक बनाने के लिए सदाचार एवं उच्च चरित्र का पालन आवश्यक है। उन्होंने जीवन में गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि बिना गुरु के जीवन अधूरा एवं लक्ष्यहीन माना जाता है, अतः जीवन में गुरु का वरण करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 1001 दीपों से विराट दीप महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें 24 देवकन्याओं द्वारा थालियों में दीप सजाकर गायत्री माता की भव्य आरती उतारी गई। अगले दिन प्रातःकालीन यज्ञ में दीक्षा संस्कार का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 51 संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए। तत्पश्चात पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर बलौदाबाजार, आरंग, बिलाईगढ़, हिरमी, सुहेला, कसडोल, पलारी, दंतेवाड़ा सहित अछोली, लाफिन सरकेल, पटेवा, समोदा, तुमगांव, मुढ़ेना, बनरसी, कुटेला आदि दूरस्थ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के साथ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन, प्रमुख ट्रस्टीगण एवं महिला मंडल की सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम अछोला के विसौहा राम साहू, जगदीश साहू, तेजराम विश्वकर्मा, परमा साहू, सोमनाथ, गोकरण, धनेंद्र, उमेश साहू, त्रिलोक, बिसहत साहू, विष्णु विश्वकर्मा, मोतीराम, नेतराम, पीरित राम रेला, लखन धीवर, धनेश्वर, छत्रपाल साहू, लोकेश्वर, ताकेश ,प्रताप सिंह ठाकुर तथा महिला मंडल की अरुणी विश्वकर्मा, सरस्वती धीवर, देविका रैला, काजल साहू, किरण साहू, पूनम साहू आदि का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी भारत सिंह साहू ने दी है।

# भाजपा का घर चलो-गांव चलो अभियान जारी



**महासमुंद।** भाजपा का घर चलो गांव चलो अभियान जारी है। इस दौरान मुख्य कार्यकर्ता विश्वनाथ धीवर, कार्यक्रम के प्रभारी तुमगाव मंडल पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अजय कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अछोला, सांसद प्रतिनिधि बेनी राम साहू, मधु चौहान तुमगाव मंडल मंत्री, सालिक राम साहू, दुर्गेश यादव, बल्लू निर्मलाकर, लीलाधर यादव, मिथलेश साहू, आनंद साहू, नरोत्तम धीवर, तोरण चौहान, भोला साहू, पंच कुबेर साहू, प्रेम बाई धीवर, महेश सिंह ठाकुर, संतोष कुमार साहू, शरद साहू आदि मौजूद रहे।

# दो सगे भाई बहन रोलर स्केटिंग में रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर एम्बिएंस नेचर में आयोजित स्केटिंग मैराथन दौड़ में शहर के रिवार्डेल स्कूल के दो विद्यार्थी सगे भाई बहन इनाया अमीन चौहान व मोहम्मद मेराज चौहान ने अलग-अलग केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, शाला एवं शहर का नाम रोशन किया है। ईनाया ने 3 किलोमीटर रेंज में प्रथम व मेराज ने अपनी केटागीरी में 2 किलोमीटर स्केटिंग मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें रायपुर रोलर स्केटिंग के अध्यक्ष सीमा जिंदल ने अपने हाथों से मेडल पहना कर सम्मानित किया है। इन दोनों बच्चों की उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य पूजा शर्मा ने खुशी जाहिर की है।

# राज्य स्तरीय सब-जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता बिलासपुर में शामिल हुए भोरिंग के खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल बिलासपुर में आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद जिले की सब-जूनियर बालक एवं बालिका टीम शामिल हुई। ग्रामीण क्षेत्र के सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें अछोला, ग्राम पंचायत भोरिंग के खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास करते हुए टीम में जगह बनाई। बालिका टीम में शालिनी मानिकपुरी, उमेश्वरी साहू, केशरी साहू, दुर्गा साहू, दीपशिखा साहू, तन्नू साहू, कविता साहू, नीतू नेहरू, हेमलता, अवनी निषाद एवं मैनेजर ममता धीवर, गीतांजलि साहू आदि शामिल हुए। बालक टीम में गगन साहू, अशद अंसारी, आशीष टंडन, अनुज सोनवानी, अमन देवदास, अनुराग ढीढी, हिमांशु ढीढी, हर्षराज ढीढी, रितेश साय, कमलेश टंडन, निखिल भारती, टीम मैनेजर निमेश मन्नाडे, अभिषेक निर्मलकर, सेवन साहू, अभिषेक नेहरू आदि शामिल हुए। खिलाड़ियों के चयन पर खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, ओसराम ढीढी, झाड़ू राम साहू, डॉ. तुलसी राम साहू, जनकु राम साहू, प्रियंका लवेश ढीढी, कमलेश्वरी साहू प्राचार्य भोरिंग आदि ने हर्ष जताया है।

# महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में 13 अप्रैल 2025 को करुणा दुबे प्राचार्य, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी समिति, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, सहसचिव मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राजा, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य देवीचंद राठी, संजय एक्का, प्रभा पंडा, विवेक रहाटगांवकर, डॉ रीता पांडेय संयोजक एवं डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक के संयोजन में अलुमनी समिति द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि महाप्रभु वल्लभाचार्य कृष्ण के उपासक थे। महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य स्थापित है जो महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अमृत चोपड़ा ने कहा कि महाविद्यालय का नामकरण महाप्रभु वल्लभाचार्य के नाम से है इसलिए महाविद्यालय के लिए यह गौरव का दिन है कि महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती में महाविद्यालय में स्थापित मूर्ति का पूजन आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर अलुमनी पदाधिकारीगण द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य की मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया, माल्यार्पण किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ नीलम अग्रवाल, दिलीप बढ़ई, डॉ. अजय कुमार देवांगन, प्रदीप कनहेर, आशुतोष पुरी गोस्वामी, कुंदन देवांगन, डॉ जागृति चंद्राकर, डॉ. जीवन चंद्राकर, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. कलम रेखा रेणुका, ममता, किरण, कल्याणी, टीकम समेत अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# अधिवार्षिकी पूर्ण करने जा रहे हेमेंद्र और शोभा सिंह का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शाउमाशा महासमुंद में विषय अंग्रेजी हायर सेकंडरी के मूल्यांकनकर्ताओं ने इसी सत्र में अधिवार्षिकी पूर्ण करने जा रहे विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य तथा शाउमाशा बेलसोंडा के पूर्व प्रभारी प्राचार्य व्याख्याता अंग्रेजी एवं प्रांतीय महासचिव छग टीचर्स एसोसिएशन शोभासिंह देव का शॉल, श्रीफल और मोमेंटो प्रदान कर सफल शिक्षकीय जीवन पूर्ण करने के लिए सम्मानित किया।

मुख्य मूल्यांकनकर्ता नारायण चौधरी ने अपने भावनात्मक उद्बोधन में कहा कि प्रतिवर्ष हम सब मूल्यांकन कार्य के लिए आते हैं और आचार्य के अनुशासनात्मक प्रशासन से बहुत कुछ सीखकर जाते है। समय पूर्व विद्यालय में आना सबसे अंत में जाना, सतत मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण करते रहना एक शिक्षकीय मर्यादा और दृढ़ प्रसाशन का जीवंत पर्याय है। शोभा सिंह देव भी लगातार हमारे साथ उपमूल्यांकनकर्ता के रूप में कार्य करती रही है, वे प्रभारी प्राचार्य के दायित्वों का भी निर्वाहन कर चुकी है। वे छग शिक्षा कर्मी संघ का प्रथम जिलाध्यक्ष भी रही हैं और वर्तमान में छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव भी है। उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, दायित्यों के प्रति पूर्ण आस्था, ईमानदारी और समय पाबंद, अधिकारों के लिए संघर्ष कदाचित नही भुलाया जा सकता है। हेमेंद्र आचार्य ने अंग्रेजी के मूल्यांकनकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से विगत वर्षों से मूल्यांकन कार्य करते आ रहे हैं तथा निर्विवाद रूप से मूल्यांकन कार्य होता रहा है। सम्मान के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। शोभा सिंह देव ने कहा कि प्राचार्य के मार्गदर्शन और मेरे निर्देशन में आप सब विगत कई वर्षों से निर्विघ्न और नियमानुसार मूल्यांकन कार्य करते आ रहे हैं। आशा करती हूं कि भविष्य में भी आप पूर्ण सजगता से मूल्यांकन कार्य करेंगे। जरूर यह मेरा अंतिम वर्ष है, परंतु आवश्यकता होने पर मेरा सहयोग और मार्गदर्शन आप सबको मिलता रहेगा।



कार्यक्रम में संध्या चंद्राकर, एलआर साहू, देवनारायण साहू, रवि शंकर बनछोर, स्वाती सोनी, तामेश्वरी साहू, आस्था राठौर, सपना शर्मा, मुंगेश्वरी निषाद, दिव्या ताम्रकार, निधि तिवारी, दमयंती साव, सुलक्षणा तिवारी, अनुराधा साहू, रिचा यादव, मीनाक्षी पांडे, योगिता कुरुवंशी, आशीष कुजूर, भोजराम ध्रुव,निर्मल डहरिया, गिरजा शंकर सोनवानी, विरोध कुमार असगर, डेविड कुजूर, भूपेंद्र कुमार साहू आदि मौजूद रहे।



### ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ने पूर्ण किया बूथ कमेटियों का गठन, जिलाध्यक्ष को सौंपी सूची

**महासमुंद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासमुंद ग्रामीण की अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ कमेटियों का गठन हुआ। कमेटियों की संपूर्ण सूची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को सौंपी गई। अन्नू चंद्राकर ने कहा, बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ब्लॉक कांग्रेस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, किसी भी राजनीतिक दल की सफलता की कुंजी उसका मजबूत बूथ प्रबंधन होता है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मंडल अध्यक्ष सचिन गायकवाड़, लीलू साहू, जयश्री दास, प्रदीप चंद्राकर, सोमेश दवे, निर्मल जैन, अनीश राजवानी, जुगल शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन में भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि, डॉ. अम्बेडकर ने न केवल हमें विश्व का सबसे श्रेष्ठ संविधान दिया, बल्कि समाज के वंचित और शोषित वर्गों को सम्मान से जीने का अधिकार भी दिलाया। आज के समय में उनके द्वारा दिखाए गए समानता और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने बाबा साहेब के महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया था। शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कहा कि बाबा साहेब ने शोषितों और वंचितों को आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाया। उनके सामाजिक न्याय के संकल्प को पूरा करना ही कांग्रेस का मुख्य ध्येय है। हमें एकजुट होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ लड़ना होगा। वरिष्ठ नेता संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जब संवैधानिक मूल्यों के सामने चुनौतियां खड़ी हैं, तब बाबा साहेब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। हमें उनके द्वारा दिए गए समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाना होगा और संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। वरिष्ठ नेता भरत ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब का अमर संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी प्रगति का सबसे बड़ा आधार है। यदि समाज को उन्नति के शिखर पर ले जाना है, तो शिक्षा और एकता को प्राथमिकता देनी होगी।




सभा में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक मूल्यों की प्रासंगिकता विषय पर संक्षिप्त संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस की विचारधारा और बाबा साहब का संदेशः वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी सदैव बाबा साहब के बताए शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के नारे का अनुसरण करती आई है। पार्टी का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुँचाना है।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, मनोजकांत साहू, लक्ष्मी देवांगन, जसबीर ढिल्लो, दाऊलाल चंद्राकर, शहर महामंत्री निर्मल जैन, मिंदर चावला, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, पार्षद गुलशन साहू, कष्णा चंद्राकर, टोमन कागजी, सोमेश दवे, शहर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह धनवा, तुलसी साहू, सचिन गायकवाड़, सोनम बंसोड, हार्दिक सोना, मनोहर ठाकुर, प्रदीप चंद्राकर, अनीश राजवानी, राजेश नेताम, गौरव चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, राहुल लालवानी, डॉ एजाज नकवी, तबरेज खान, ममता चंद्राकर, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, लीलू साहू, लहरी सिंह ठाकुर, ममता चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, नूकेश महंत, भोलेनाथ गंधर्व, बसंत चंद्राकर, प्रशुन चंद्राकर, जावेद जाफरी, सन्नी महानंद, तुलसी देवदास सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लखनपुर में मनाई गई संविधान के जनक बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती

**झलप**। ग्राम पंचायत लखनपुर के वार्ड नं 6 कलमीपेड़ में संविधान के निर्माता व भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें भाजपा महामंत्री झलप मंडल व उपसरपंच कमल कौशिक ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्व के महान विद्वान में शामिल है। बाबा साहेब समाज सुधारक के लिए अपने लोगों से तीन मुख्य बातें कही। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। बाबा साहेब ने अपने ज्ञान, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की नई नींव रखी। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि चोवाराम ध्रुव, भूखू जोशी, हेमलाल बंजारे, कोमल सोनवानी, टिकेलाल भारद्वाज, गोपाल भारद्वाज, प्रीतम बंजारे, नरोत्तम रात्रे, नीलकंठ हिरवानी, कमल बंजारे, महेश टंडन, अक्षय रात्रे, टिकेश यादव, यादराम धीवर, रामखिलावन चतुर्वेदी, विष्णु टंडन आदि मौजूद रहे।



# बरेकेलकला के ग्रामीणों ने अंबेडकर के विचारों को अपनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- बरेकलकला में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर निकाली बाइक रैली

ग्राम बरेकलकला में भारतीय संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती पर विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहे से होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंची। जहां पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के पूरे जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दबे कुचले शोषित समाज को अपने विचारों से संगठित कर उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन किया गया। बाबा साहेब ने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महती भूमिका ही नहीं निभाई, बल्कि एक ऐसी सोच निर्मित की गई, जिसके



चलते भारतीय समाज, राजनीत में आवश्यक बदलाव आया, जिससे बहुजन समाज को शिक्षा, नौकरी, जनप्रतिनिधि के क्षेत्र में बराबरी के अवसर प्रदान हुआ और भारत को विकसित करने में समाजजनों ने सामूहिक योगदान दिया। बरेकल के ग्रामीणों ने संविधान के निर्माता, अर्थशास्त्री, मानवतावादी, नारी उठाठनकर्ता, समाज सुधारक के रूप में बाबा साहेब के कार्यों को याद किया और उनके आव्हान शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो पर सतत चलने का संकल्प लिया।

# अम्बेडकर जयंती पर विश्व हिन्दू परिषद ने किया माल्यार्पण

**महासमुंद**। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा 14 अप्रैल को भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर अम्बेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। तत्पश्चात परिषद के कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में स्थानीय नयापारा एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की गई। साथ ही बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया।
जन्मजयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से अंबेडकर चौक में शीतल पेयजल एवं शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, प्रान्त समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, प्रान्त धर्म प्रसार सदस्य देवेन्द्र दुबे, संत रवि दास समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, दानेश्वर (दानू) सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी महंती, जिला सह मंत्री मनीष चंद्राकार, नगर अध्यक्ष चन्द्रबदन मिश्रा, नगर मंत्री अश्वनी शर्मा, सह मंत्री प्रदीप वर्मा, ग्रामीण उपाध्यक्ष लोकेश चंद्राकार, उदय राम साहू, चंदन नेताम, कान्हा प्रधान, उत्तम वर्मा, राहिल गुप्ता, रितेश गोलछा, बच्चन इच्छाप्राणी, भागवत जगत धूमिल, विकास जलक्षत्री, सुनील श्रीवास्तव, संजय यादव, सुरेंद्र महाराज, रामेश्वर पांडे, खम्मन दास यादव, कमल राठी, अनंत नाग, खेलावन मेहरा, राजू लाल मिर्धा, बैधनाथ मेहरा, दसरथ अजगल्ले, नरसिंग मेहर, डेलूराम मेहर सहित बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित हुए।











## आप ने किया डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण

**महासमुंद।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आम आदमी पार्टी द्वारा शहर के अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आप कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उपस्थितजनों को उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष मेघा चन्द्राकर, जिला मीडिया प्रभारी अज़ीम खान, राजेश तिवारी, दिलीप साहू आदि मौजूद रहे।



## अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन

**सरायपाली।** डॉ.आंबेडकर ने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्ष और समर्पण से एक ऐसे भारत का निर्माण किया। जहाँ समानता, न्याय और स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का अधिकार बने। वे न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक भी थे। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी अन्याय का सामना किया जा सकता है। इस अवसर पर हम उनके आदर्शों को अपनाने और एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लें। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो इसी संदेश के साथ बाबा साहेब को विनम्र श्रद्धांजलि करते हैं। पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।



## आदिवासी युवाओं ने लिया अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**महासमुंद।** भारतीय संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आदिवासी युवा प्रभाग द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभाग के सदस्यों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाने तथा डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्रद्धा ध्रुव (जिलाध्यक्ष), पंकज सोरी (संरक्षक), शशिकांत छेदैहा (मीडिया प्रभारी), सावित्री नेताम, राजप्रताप मांडवी (सचिव), तरुण नेताम, खिलेश कंडरा, कोमल ध्रुव, दिशा ध्रुव, सरिता नेताम, मिथलेश कंडरा, छोटू नेताम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## भाजपाइयों ने मनाई अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद।** भारतीय संविधान निर्माता व भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती नगर पालिका कार्यालय उपाध्यक्ष कक्ष में मनाई गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने डा.भीमराव अम्बेडकर को भारतीय संविधान का जनक बताते हुए कहा कि उनके संविधान में समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देश की प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चन्द्राकर ने डा.अम्बेडकर के आदर्शो पर चलने प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता चन्द्राकर, पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, पीयूष साहू, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, धनेन्द्र चंद्राकर, विक्की पूर्व, जनपद अध्यक्ष बागबाहरा हितेश चन्द्राकर, भाजपा नेता हनीश बग्गा आदि उपस्थित रहे।

## बिरकोनी में धूमधाम से मनाई अम्बेडकर की जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बिरकोनी में भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई। ग्राम पंचायत सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व पंचायत सदस्यों ने बाबा साहेब के चलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सरपंच चंद्राकर ने बताया कि अंबेडकर का लिखा गया संविधान समाज का पथ प्रदर्शक है। डॉ अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में जो विद्वता और त्याग का परिचय दिया है, वहीं भारत के लिए गौरव की बात है। इससे हमें प्रेरणा लेनी होगी। इस अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर हेमराज चंद्राकर, रवि साहू, डोलू साहू, सुनीता मन्नाडे, कमला साहू, लक्ष्मी पटेल, केशर साहू, भुनेश्वरी साहू, नेहा साहू, तुकेश साहू, महावीर निषाद, गोकुल सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, बड़गांव, अछरीडीह कांपा, मुस्की में भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर ही सशक्त समाज का निर्माण संभवः सुषमा

## ग्राम नरतोरा एवं गुडेलाभाठा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

14 अप्रैल को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्राम नरतोरा एवं ग्राम गुड़ेलाभाठा में बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। ग्राम नरतोरा में कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं गुलाल अर्पित कर की गई। पश्चात उपस्थित जनसमूह के साथ बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्षों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा को अपनाने, समानता एवं न्याय स्थापित करने तथा बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं ग्राम गुड़ेलाभाठा के जैतखंभ के पास में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब



के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कविता पाठ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बाबा साहब के संघर्ष, शिक्षा के महत्व एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों को कापी पेन वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद की सभापति सुषमा राकेश टंडन उपस्थित रहीं। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत मुनगासेर ऋतु जोंहत निषाद ने की। विशेष अतिथि लक्ष्मण सिंह ठाकुर, गिरी सिंह ठाकुर, खेमराज बघेल, हीरा सिंह कुर्रे, किशोर ठाकुर, आत्माराम बघेल एवं गंगा राम ठाकुर रहे। साथ ही विशेष आमंत्रित अतिथियों में हेमिन बाई रात्रे, गौरी बाई कुर्रे एवं आशा बाई ठाकुर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने शिक्षा को बढ़ावा देने, समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने तथा बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आत्माराम मारकंडे एवं आभार प्रदर्शन लक्ष्मण ठाकुर ने किया।

**आयोजन:** बागबाहरा शहर में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

# सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 डा. भीमराव अम्बेडकर वार्ड में डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि देश में हर वर्ष 14 अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। बाबा साहेब के नाम से मशहूर अंबेडकर एक महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता, संपादक, पत्रकार थे। भारत रत्न



बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन दलित उत्थान के लगा दिया।

उन्होंने हमेशा समानता की बात की, फिर चाहे वह मानवों के बीच समानता की बात हो। आज हम सभी यहां बेहद खास मौके पर एकत्रित हुए हैं। आज हमारा देश बड़े धूमधाम के साथ अंबेडकर जयंती मना रहे है और उनके महान विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह दिन केवल एक जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। संविधान की रचना में उनके योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में जो उनकी शानदार सक्रिय भूमिका रही। सबल और सशक्त भारत के निर्माण में बाब साहेब हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं। बाबा साहब वो शख्स हैं, जिन्होंने भारत को उसका संविधान दिया और कोई भी देश बिना संविधान नहीं चल सकता। बाबा साहेब के नाम से मशहूर डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता और संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। पार्षद मिथुन अमीर ने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा, डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान विश्व का सबसे प्रगतिशील दस्तावेज है।

यह समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के सिद्धांतों पर आधारित है। आज के दौर में हमें संविधान की रक्षा करनी होगी, ताकि कोई भी वर्ग शोषित न रहे। कार्यक्रम में नपाउपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद मेनका पोखराज साहू, मंता यादव, मिथुन अमीर, प्रेम साहू, थानूराम पांडे, रमेश ठाकुर, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष लखबीर छाबड़ा, महामंत्री लोकेश उइके, ग्रामीण उपाध्यक्ष शाहजान पाशा, मोहन बांधे सहित वार्डवासी, स्थानीय नागरिक

# बाबा साहेब ने दिलाया समानता का अधिकार : निखिलकांत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व पार्षदों ने माल्यार्पण किया। पालिकाध्यक्ष साहू ने बाबा साहेब के महान विचारों को स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने संविधान प्रदान कर हम सबको समानता का अधिकार दिलाया। संविधान दिवस हमें हमारे मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों की याद दिलाता है। क्योंकि, राष्ट्र का निर्माण केवल अधिकारों के उपभोग से नहीं बल्कि जिम्मेदारियो के निर्वहन से होता है।

इस अवसर पर सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति ज्योति रिन्कू चंद्राकर, सभापति ईश्वरी संजय भोई, सभापति गुलशन साहू, पार्षदगण राहुल आवड़े, धनेंद्र चंद्राकर, मुन्ना देवार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, हरिराम दीवान, नयन दीवान आदि उपस्थित थे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया।

# खरोरा में मनाई गई अंबेडकर की जयंती



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारतीय संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, पारु चन्द्राकर, काव्या चन्द्राकर, रूपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसजनों ने मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

## जयंती पर संविधान शिल्पी बाबा अंबेडकर को किया नमन, अतुलनीय योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बागबाहरा में कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने के लिए



आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई तथा भारतीय समाज को समता की दिशा में अग्रसर करने का कार्य किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के कारण उन्हें संविधान निर्माता के रूप में सदैव याद किया जाएगा।

स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में भी उन्होंने देश को नई दिशा दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष देवनाथ साहू, कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, जिला महामंत्री भूपेंद्र ठाकुर, जिला महामंत्री संतोष पटेल, कोषाध्यक्ष राहुल कुलदीप, मंडल अध्यक्ष चंदू साहू, आशीष दीवान, जिला महामंत्री गणेश शर्मा, शमीम खान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश यादव, एडीशन ठाकुर, पार्षद शिवा जगत, अश्वनी कुमार सेन, भूपेंद्र कुमार पटेल, चेतनलाल कुलदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सिरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब अंबेडकर का जयंती : चित्रकुमार

**महासमुंद।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े द्वारा भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने का आह्वान किया गया। इसी कड़ी में सिरपुर पटेवा मण्डल द्वारा ग्राम सिरपुर में बाबा साहेब की जयंती मनाते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में चित्रकुमार भारती ने कहा डॉ. अंबेडकर ने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्ष और समर्पण से एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहाँ समानता, न्याय और स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का अधिकार बने। वे न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक भी थे। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी अन्याय का सामना किया जा सकता है। उन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लेने प्रेरित किया। इस अवसर पर चित्रकुमार भारती, डिगेश्वरी चंद्राकर, सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, चैतराम ध्रुव, डेविड चंद्राकर, लक्की टावरी, रविशंकर पैकरा, साहस यादव, चंचल टावरी, खिलावन यादव, टारजन मन्नाडे, देवसिंह, लाला राम यादव, रामू दास मानिकपुरी, नंदलाल पटेल, कमलेश पटेल, भीष्म साहू, बॉबी पुरेना, केके नंदेश्वर, शोभा नंदेश्वर, सेवक राम, नंदकुमार जगाड़े, परमेश्वर टंडन आदि उपस्थित रहे।






**पंचायत पदाधिकारियों ने बाल विवाह पर रोक लगाने व समानता का लिया संकल्प**

# पटपरपाली में ग्राम सभा के साथ मनाई अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती मनाई है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्देशित तय तिथि में ग्राम पंचायत पटपरपाली में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पटपरपाली, बाम्हनडीह और चंदरपुर के आमजनों ने भाग लिया।

ग्राम सभा में सर्वप्रथम सरपंच लता कमलेश टाण्डेय और वरिष्ठ नागरिकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। ततपश्चात पंचायत सचिव ने तिमाही आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही सरपंच द्वारा किये गए विकास कार्यो एवं अग्रिम कार्य योजना को वाचन किया गया। ग्राम सभा में आए विवादित प्रकरणों की सुनवाई व कार्यवाही की गई। ग्राम सभा में महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक भावना गुप्ता



एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प पारित किया। पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय ने कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई और समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी लोगों की सोच बदल देते हैं।

सभा में उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण थलेश्वरी साहू, हवन्त साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचन्द्र यादव, कांति बाई साहू, मोहन साहू, पूर्व सरपंच राजेन्द्र शर्मा, पूर्व सरपंच चन्द्रशेखर साहू, पूर्व उपसरपंच कनक राम साहू, अशोक यादव, मनोज चंद्राकर, कौशल तिवारी, रेवाराम साहू, प्यारेलाल साहू, मोतीलाल साहू, राजू तिवारी, मनोज साहू, केशाराम साहू, भीम साहू, मुकेश साहू और रिंकू साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदाधिकारी में चम्पी साहू, गमला यादव, मीना साहू साथ ही महिला समूह एवं मितानिन दीदी उपस्थित हुए।

